मैया हमारा तू ही सहारा

मैया हमारा तू ही सहारा,
नाता तुमसग जोड़ लिया है......

हम तो लिपटे रहंगे तेरे चरणों मे मैया,
गुजर जाएगा जीवन तेरे चरणों मे मैया,
विनती करू मैं माई सरपे हाथ सदा रखना,
कितनो को भव पार उतारा,
नाता तुमसेग जोड़ लिया है......

पकड़ लो हाथ मेरा जगत में भीड़ भारी,
कही मैं खो ना जाऊं मेरी मैया महतारी,
दुनिया का विश्वास नही माँ साथ सदा देना,
हर लेती हो तुम दुख सारा,
नाता तुमसेग जोड़ लिया है,

मेंरी मैया के दर पे आये कोई सवाली,
मुरादे होबे पूरी कभी जाए ना खाली,
इस नवराते सिंह सवारी लेके आ जाना,
महिमा गाता है जग सारा,
नाता तुमसेग जोड़ लिया है.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29022/title/mayia-humara-tu-hee-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |